महापौर के खिलाफ 9 पार्षदों की बगावत

भाजपा में अंदरुनी कलह उफान पर | आज की आमसभा में मचेगा घमासान

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - महापालिका के चुनाव पश्चात सभी को समान अवसर मिलने की दृष्टि से भाजपा ने महापौर का कार्यकाल ढाई साल की बजाय सवा साल करने का निर्णय लिया. अब सवा साल का वही फार्मूला भाजपा के लिए गले की हड्डी बनता जा रहा है. वर्तमान महापौर संजय नरवणे का सवा साल का कार्यकाल गत 9 जून को खत्म हुआ. नरवणे को एक्सटेंशन या नए महापौर की नियुक्ति को लेकर पार्टी स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा है. अंतिम फैसला मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस पर छोड़ा है. ऐसे में महापौर के खिलाफ 9 पार्षदों ने खुली बगावत करने से भाजपा में अंदरुनी कलह उफान पर रहने की बात स्पष्ट हुई है. बुधवार को होने जा रही मनपा की आमसभा में इस विषय पर घमासान होने की संभावना है.

संजय नरवणे

जयंत डेहणकर

सवा साल का फार्मूला बना गले की हड्डी

महापौर संजय नरवणे को तत्काल हटाने की मांग को लेकर पार्षद राधा कुरील, अजय गोंडाने, विजय वानखड़े, वंदना हरणे, गंगा अंभोरे, अनीता राज, इंदू सावरकर, संजय वानरे आदि ने भाजपा शहर अध्यक्ष जयंत डेहणकर से मुलाकात की. नरवणे को हटाने और इन दावेदारों में से किसी एक को महापौर बनाने का प्रस्ताव रखा. वर्तमान महापौर नरवणे विधायक डॉ. सुनील देशमुख गट के माने जाते हैं. महापौर पद का आरक्षण एससी प्रवर्ग के लिए है. भाजपा शहर अध्यक्ष से मिलने वाले सभी पार्षद महापौर पद के दावेदारों में से हैं. बुधवार को होने जा रही आमसभा में इस विषय पर घमासान होने के आसार हैं.

...तो भाजपा को होगा नुकसान

कुछ पार्षदों ने बागी तेवर आक्रामकता से दिखाते हुए यहां तक कह दिया कि अगर वर्तमान महापौर संजय नरवणे को नहीं हटाया गया तो भाजपा पार्टी को भारी नुकसान भुगतना पड़ेगा. 9-10 पार्षदों की बगावत पर पार्टी क्या निर्णय लेती है, इस ओर सभी की निगाहें लगी हुई हैं.

9-10 पार्षद मिले

भाजपा शहर अध्यक्ष जयंत डेहणकर से संपर्क करने पर बताया कि उनसे 9-10 पार्षदों ने मुलाकात की. महापौर संजय नरवणे को बदलने की बात कही. जबकि महापौर, उपमहापौर, स्थायी समिति सभापति पद सभी की रायशुमारी से निश्चित किया जाता है. पालकमंत्री, विधायक सुनील देशमुख, रामदास आंबटकर, उपेंद्र कोठेकर आदि नेताओं द्वारा इस संबंध में निर्णय लिया जाता है. महापौर बदलने के संबंधित पार्षदों की मांग की जानकारी वरिष्ठ नेताओं को दी गयी है.

खरीदी-बिक्री के प्रबंधक सहित 5 नामजद

उपनिबंधक की गाड़गे नगर थाने में शिकायत



प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - स्थानीय फसल मंडी का कामकाज आए दिन विवादों में घिरा रहता है. अब मंडी में शासकीय तुअर खरीदी केंद्र में एक घोटाला उजागर हुआ है. पंजीयन प्रक्रिया दौरान एक ही टोकन पर कई बार तुअर खरीदी और अनियमितता जांच में सामने आई है. जिलाधीश के आदेश पर सहकारी संस्था के उपनिबंधक राजेंद्र तुकाराम पालेकर की शिकायत पर गाड़गे नगर पुलिस ने खरीदी-बिक्री संघ के तत्कालीन प्रबंधक राजेंद्र गायकी सहित गौरव गोपालराव खाड़े, नंदू राजेराम वाढोणकर, धीरज सुरेश गावंडे और अंकुश अशोकराव कदम के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है.

फसल मंडी में तुअर घोटाला

मंडी का कामकाज आए दिन विवादों में घिरा रहता है. अब मंडी में शासकीय तुअर खरीदी केंद्र में एक घोटाला उजागर हुआ है. पंजीयन प्रक्रिया दौरान एक ही टोकन पर कई बार तुअर खरीदी और अनियमितता जांच में सामने आई है. जिलाधीश के आदेश पर सहकारी संस्था के उपनिबंधक राजेंद्र तुकाराम पालेकर की शिकायत पर गाड़गे नगर पुलिस ने खरीदी-बिक्री संघ के तत्कालीन प्रबंधक राजेंद्र गायकी सहित गौरव गोपालराव खाड़े, नंदू राजेराम वाढोणकर, धीरज सुरेश गावंडे और अंकुश अशोकराव कदम के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है.

मंडी में सरकारी एजेन्सी नाफेड द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से तुअर खरीदी गयी. इसके लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीयन कराना था. सहकारी शेतकी खरीदी-बिक्री समिति (खरीदी-बिक्री संघ) सब एजेन्ट थी. उससे तुअर खरीदी गयी. तुअर खरीदी केंद्र पर टोकन में हेराफेरी की जा रही थी. किसानों के पहले तुअर खरीदी किए जाने से जिलाधीश व जिला उपनिबंधक की ओर शिकायतें मिल रही थीं. जिलाधीश के निर्देश पर तहसीलदार ने गत 4 मई को जांच कर जिलाधीश को अहवाल सौंपा. जिला उपनिबंधक को कृष्णराव अवघड़ व अन्य, भोंडे व अन्य संजय लव्हाले की शिकायत पर जांच कर जिला उपनिबंधक को तहसील उपनिबंधक से 28 मई को अहवाल सौंपा गया.

अहवाल में बताया गया कि किसानों की तुअर खरीदी पंजीयन प्रक्रिया में अनियमितता हुई. पंजीयन के लिए एक से अधिक रजिस्टर इस्तेमाल में लाए गए. नाम पंजीयन करते वक्त कुछ नंबर छोड़कर अगले नंबर दिए गए. जिससे तुअर खरीदी करने की अवधि खत्म होने के बाद यह पता चला कि 19 जनवरी तक पंजीकृत किसानों की तुअर खरीदी गयी. अमरावती मंडी के इतिहास में पहली बार यह घोटाला उजागर हुआ है. तुअर खरीदी घोटाले की जांच पुलिस कर रही है. आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है.

खरीदी-बिक्री संघ के प्रबंधक गिरफ्तार

फसल मंडी में तुअर घोटाले में नामजद खरीदी-बिक्री संघ के तत्कालीन प्रबंधक राजेंद्र गायकी को गाड़गे नगर पुलिस ने मंगलवार की देर रात गिरफ्तार किया. गौरतलब है कि जिलाधीश के आदेश पर सहकारी संस्था के उपनिबंधक राजेंद्र तुकाराम पालेकर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. इस मामले में अन्य चार आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुए हैं.

वर्ग 2 की जमीन वाले किसानों को भी दें फसल कर्ज

अकोला, प्रतिनिधि, 19 जून - जिले के किसानों को फसल बीमा कर्ज देने की प्रक्रिया बैंकों के माध्यम से जारी है. जिलाधिकारी ने इस संदर्भ में अग्रणी बैंक व्यवस्थापक को पत्र देकर निर्देश दिए हैं कि उनके संज्ञान में यह बात आई है कि जिन किसानों की जमीन वर्ग 2 की है, ऐसे किसानों को संबंधित बैंक कर्ज देने में टालमटोल कर रही है.

जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

शासन निर्णय 8 अप्रैल 1983 के अनुसार शासकीय योजना का सभी किसानों को लाभ प्राप्त होने हेतु जिन किसानों की जमीन उपभोक्ता वर्ग 2 की है ऐसे किसानों को भी फसल कर्ज का लाभ दिया जाए. इसमें किसी भी तरह की टालमटोल नहीं होनी चाहिए. यह आदेश अग्रणी बैंक अपने अधीनस्त बैंकों को देने के निर्देश जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक व्यवस्थापक को दिए हैं. पत्र में यह भी कहा गया है कि नियमानुसार कार्रवाई को लेकर भी अधीनस्त बैंकों को सूचित किया जाए.

कार के लिए तोड़ा विवाह

अमरावती - सगाई के बाद दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार की मांग पूर्ण न होने पर विवाह तोड़ने का मामला सामने आया है. नांदगांव पेठ पुलिस ने सागर अशोकराव मुने, अशोक दादाजी मुने (दोनों वणी यवतमाल), विकास अशोक मुने (मानेवाड़ा नागपुर), प्रकाश सांभारे (देशपांडे वाड़ी) व एक महिला के खिलाफ 3, 4 दहेज प्रतिबंधक कानून के तहत अपराध दर्ज किया है. आरोपी सागर मुने का विवाह पीड़ित के साथ निश्चित हुआ था. सगाई के बाद आरोपियों ने कार की मांग की थी. जब तक कार नहीं मिलती शादी न करने की भूमिका रखी. ऐसा कहकर विवाह तोड़ दिया.

'आवेदन करें, कर्ज लें' सम्मेलन आज

प्रतिनिधि, 19 जून

यवतमाल - खरीफ सीजन की शुरूआत हो चुकी है. किसान जुताई-बुआई के काम में जोर-शोर से जुटे हुए हैं. किसानों को तत्काल फसल कर्ज उपलब्ध कराने के लिए बलिराजा चेतना अभियान अंतर्गत जिले की 239 बैंक शाखाओं में 20 जून को 'आवेदन करें, कर्ज लें' सम्मेलन का आयोजन किया गया है. वसंतराव नाईक खेती स्वावलंबन मिशन के अध्यक्ष किशोर तिवारी और जिलाधिकारी डॉ. राजेश देशमुख ने किसानों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है.

प्रत्येक बैंक की शाखा के लिए एक संपर्क अधिकारी की नियुक्ति की गई है. इस अधिकारी पर उस इलाके के किसानों को आसानी से कर्ज दिलाने की जिम्मेदारी होगी. ग्राम सेवकों और कृषि सेवकों को सम्मेलन के बारे में किसानों को जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं. किसी तरह की दिक्कत आने पर फोन क्रमांक 07232- 244 100 और जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक के मोबाइल नंबर 75077 66003 पर संपर्क करने की अपील की गई है.

वारी की मामा-भांजा खोह होगी सुरक्षित

अकोला, प्रतिनिधि, 19 जून - तेल्हारा तहसील के वारी हनुमान स्थित मामा-भांजा खोह पर जल्द ही जाली लगाई जाएगी. खोह पर जाली लगवाने के लिए सांसद संजय धोत्रे की निधि से 5 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं.

अंदुरा के राजेश रोहणकार की गत 10 जून को उक्त खोह में डूबने से मौत हुई. रोहणकर परिवार को सांत्वना देने के लिए भाजपा

सांसद धोत्रे के कोष से 5 लाख मंजूर

जिला अध्यक्ष तेजराव थोरात गए थे. अंदुरा के पुलिस पटेल ज्ञानदेव रोहणकार ने मामा-भांजा खोह पर जाली लगवाने की मांग की थी. वारी पिंपरखेड़ के सरपंच शिवाजी पतिंगे, उप सरपंच सुभाष कासोदे, ग्रांप सदस्य ओंकार कासोदे, डॉ. संजय शर्मा, सोनू ढोकणे की सभा लेकर प्रस्ताव मंजूर किया गया. भाजपा जिलाध्यक्ष तेजराव थोरात के माध्यम से खोह पर जाली लगवाने के लिए निधि उपलब्ध कराने की मांग सांसद धोत्रे से की गई थी. सांसद धोत्रे ने जिलाधिकारी आस्तिककुमार पाण्डेय को पत्र देकर विकास निधि से 5 लाख रुपए मंजूर किए.

रघुनाथ मोहिते का निधन

संवाददाता, 19 जून

चांदूर रेलवे - राज्य पणन विभाग के निवृत्त अधिकारी रघुनाथ मोहिते का मंगलवार को मामूली बीमारी के चलते निधन हुआ. वे 72 वर्ष के थे. उनके पश्चात 2 पुत्रियां, 1 पुत्र हैं. स्थानीय मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया.

बजाज फर्निचर
सोफा पर सेल
17 से 24 जून 2018 तक
एम.आई.डी.सी. नया बाई पास रोड, अमरावती
0721-2520028/31
8551096251
तिजोरी, स्टील व वूडन वार्डरोब,
पलंग के गद्दे, स्कूल डेस्क-बेंच, ऑफिस अलमारी.
शॉप : बस स्टैंड रोड, मलकापुर अर्बन बैंक के पास, अमरावती

जाहिरनामा

सुचित किया जाता है की अचलपुर तहसील के मौजा कांडली ग्राम पंचायत श्रेत्र मे आनेवाले दत्त नगर प्लॉट सर्व्हे नं.131 /1 अ प्लॉट नं. 13 कुल श्रेत्रफल 1500 स्के.फुट यह गुणवंत परशुराम धोंडे इनके मालकी हक्क का प्लॉट दिनांक 14 मई 2018 को अचलपुर दुय्यम निंबधक कार्यालय में सौ गुड्डी राजपाल सिलोका रा.विष्णू नगर कांडली इनके नाम से खरेदी किया गया है. इस प्लॉट के बारे में कोई भी व्यवहार करने के पहले हमसे संपर्क करे अन्यथा कोई भी व्यवहार के लिये हम जिम्मेदार नही रहेगे. संबधीत प्लॉट के खरेदीखत , फेर फार सहित सभी दस्तावेज हमारे पास होने के साथ घर पर ताबा पावती प्राप्त है.

जाहिर सुचना

सर्व लोकांना सुचीत करण्यात येते की, माझे पक्षकार यांनी श्री सुनिल गुलाबराव खैरकर रा. चैतन्य कॉलनी, अमरावती यांच्या मालकी व ताब्यातील मिळकत (घर) विकत घेण्याचा सौदा करीत आहे.

मिळकतीचे वर्णन

नोंदणी पोट तुकडी अमरावती शहर वि. कचेरी कक्षेतील मनपा अमरावती चे हद्दीतील मौजे- वडाळी, प्रगणे- नांदगांव पेठ ता. व जि. अमरावती येथील शेत सर्वे नं. 87, मधील जमीनीतील ज्याचा रा.मा.क्र. एन.ए.पी. 48/वडाळी-792/1979-1980, नुसार कन्व्हर्शन मंजुर झालेल्या जागेतील प्लॉट नं. 177 (एकशे सत्यात्तर) याची साईज 30 फूट X 40 फूट असुन याचे एकुण क्षेत्रफळ 1200 चौ.फुट (111.52 चौ.मि.) आहे. तसेच यावर बांधलेले लोड बेअरींग पध्दतीचे पक्के, विटा सिमेंटचे, वर स्लॅब असलेले घर याचे मालमत्ता क्र. 639 असुन वार्ड क्र. 26 आहे. या घराची चर्तुसिमा खालील प्रमाणे आहे.

पुर्वेस - सर्विस लाईन,
पश्चिमेस - रोड,
उत्तरेस- प्लॉट नं. 176,
दक्षिणेस - प्लॉट नं. 178,

वरील मिळकतीवर कोणाचाही कोणत्याही प्रकारचा हितसंबंध, गहाण, बोझा, वारसाहक्क, अतिक्रमण, कुळ, कर्ज, रिझर्व्हेशन, जप्ती, ताबा, कचेरीवाद अथवा कोणत्याही प्रकारे कुठलाही अधिकार किंवा भानगड असल्यास ही नोटिस प्रकाशीत झाल्यापासुन 7 (सात) दिवसाच्या आत खालील पत्यावर कागदपत्रासह लेखी कळवावे व तसे न केल्यास माझे पक्षकार वरील मालमत्तेचा सौदा निश्चित तारखेवर करुन घेतील व त्यानंतर कोणाचाही कोणत्याही प्रकारचा उजर चालणार नाही.

करीता ही जाहिर सुचना
अमरावती
दिनांक 18.06.2018

सही
डी.व्हि. सागलानी, ॲड व नोटरी
चौबळ प्लॉट, राजापेठ, अमरावती
मो.नं. 9890343638

नहीं बंद हुआ अपर वर्धा पाइप लाइन का लीकेज

संवादाता, 19 जून

नंदगांव पेठ - कुछ दिनों पूर्व माहुली जहांगीर के निकट अपर वर्धा की पाइप लाइन फूट गई थी. महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की ओर से इसकी मरम्मत की गई थी, परंतु माहुली जहांगीर से अमरावती के बीच चार स्थानों पर पाइप से पानी अभी भी लीक हो रहा है. यह पानी किसानों के खेतों में जा रहा है, जिससे उनका भारी नुकसान हो रहा है. माहुली के किसान प्रकाश गंगाराम हरणे के खेत में काफी पानी जमा है. इस संबंध में कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपने के बावजूद लीकेज को बंद नहीं किया गया है.

किसानों का हो रहा भारी नुकसान

प्रकाश हरणे के खेत में पानी जमा होने से इस समय बुआई करना मुश्किल है. उनके करीब डेढ़ एकड़ खेत में पानी जमा है.

हजारों लीटर पानी की बर्बादी

माहुली से अमरावती तक चार स्थानों पर लीकेज होने से हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है. एक ओर जहां अमरावती शहर में पानी की भारी किल्लत है और 1 दिन के अंतराल पर जल आपूर्ति की जा रही है, वहीं अधिकारी पानी बचाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं.

अधि. उमेश अग्रवाल का निधन

प्रतिनिधि, 19 जून

यवतमाल - आयकर के अधि. उमेश मधुसूदन अग्रवाल का सोमवार को हृदयाघात से निधन हो गया. वे 61 वर्ष के थे. मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनके पश्चात पत्नी, पुत्र महेश व सुधीर समेत आप्तजनों का भरा पूरा परिवार है.

अमरावती महानगरपालिका अमरावती
पर्यावरण विभाग
जाहिर प्रकटन

प्लास्टिकपासून बनविल्या जाणाऱ्या पिशव्या तसेच प्लास्टिक/थर्माकोलपासून बनविल्या जाणाऱ्या अन्य वस्तुंच्या उत्पादन, वापर, साठवणूक, वितरण, विक्री करण्यास असलेले निर्बधाबाबत

महाराष्ट्र शासनाच्या दि. 23/03/2018 रोजीच्या आदेशानुसार प्लास्टिकपासून बनविल्या जाणाऱ्या पिशव्या (carry bags) तसेच प्लास्टिक/ थर्माकोलपासून बनविल्या जाणाऱ्या वस्तु, उदा. ताट, कप्स, प्लेटस, ग्लास, काटे, वाटी, चमचे, फ्लेक्स, नॉन वोवन पॉलीप्रॉपीलेन बॅग्स (Non Woven Polypropylene bags) बॅनर्स, तोरण, ध्वज, प्लास्टिक शिटस. सर्व प्रकारचे प्लास्टीक वेष्टन इत्यादीच्या उत्पादन, वापर, साठवणून, वितरण, विक्री करण्यास व वर नमुद सर्व वस्तुंचे वापरावर निर्बंध करण्यात असून प्लास्टिकपासून बनविल्या जाणाऱ्या पिशव्या (carry bags) तसेच प्लास्टिक/थर्माकोलपासून बनविल्या जाणाऱ्या वस्तु, उदा. ताट, कप्स, प्लेटस, ग्लास, काटे, वाटी, चमचे, फ्लेक्स, नॉन वोवन पॉलीप्रॉपीलेन बॅग्स (Non Woven Polypropylene bags) बॅनर्स, तोरण, ध्वज, प्लास्टिक शिटस, सर्व प्रकारचे प्लास्टीक वेष्टन इत्यादीच्या उत्पादन वापर, साठवणून, वितरण , विक्री करण्यात राज्यात निर्बधाबाबत आदेश देण्यात आले असुन मा. उच्च न्यायालयाचे आदेशानुसार देण्यात आलेली मुदतवाढ दि. 23/06/2018 रोजी संपुष्टात येत आहे.

शासन निर्णयानुसार निर्बधीत वस्तुंचा वापर करणाऱ्यास व शासन निर्णयाचे अंमलबजावणी करणेस्तव पर्यावरण विभाग, महाराष्ट्र शासन यांनी दि. 23/03/2018 अन्वये जारी केलेल्या महाराष्ट्र प्लास्टिक व थर्माकॉल अविघटनशील वस्तुंचे (उत्पादन, वापर, विक्री, वाहतुक, हताळणी, साठवणुक) अधिसुचना 2018 च्या प्रभावी अमंलबजावणी करण्यास्तव अधिसुचनेच्या अनुषंगाने अंमलबजावणीसाठी व नियमांअंतर्गत कारवाई करणेसाठी महाराष्ट्र अविघटनशील कचरा (नियंत्रण) कायदा 2006 च्या कलम 12 अन्वये प्रदान केलेल्या अधिकारांतर्गत झोननिहाय पथक निर्माण करण्यात आले असुन त्यांना दंडात्मक कारवाई करीता प्राधिकृत करण्यात आले आहे.

त्याअनुषंगाने दि. 23/03/2018 पासुन उपरोक्त निर्बंधीत वस्तुंची उत्पादन, वापर, साठवणूक, वितरण विक्री करीत असल्याचे आढळून आल्यास संबंधीतांवर नियमानुसार महानगरपालिकेचे स्वास्थ्य निरीक्षक/पथकांमार्फत दंडात्मक कारवाई करण्यात येणार आहे. याबाबत शहरामधील सर्व प्रकारचे व्यवसाय करणारे किरकोळ, घाऊक व्यवसायीक तसेच सर्व नागरीकांनी प्रतिबंधीत वस्तुंचा वापर न करण्याबाबत दक्षता घेवून सहकार्य करावे ही विनंती.

उपायुक्त (सा.)
महानगरपालिका, अमरावती

Dhamangaon Education Society's
College of Engineering & Technology
(Affiliated to DBATU University, Lonere)
Knowledge Hub,Anjansingi Road,Dhamangaon Rly-444 709 Dist – Amravati
Walk In Interview

Sr.	Branch	Professor	Assist. Prof.	Time
1	Mechanical Engineering	01	01	2 to 3pm
2	Electrical(E&P)Engineering	---	03	3 to 5pm
3	Sport with Yoga	---	01	5pm

Candidate with minimum 2 Yr. Experience attends Walk in Interview with resume & recent Photograph on dated 22/06/2018.
(Dr.L.P.Dhamande)
Principal

भाडे से देना है
3 रुम का ब्लॉक सरकारी कर्मचारी को भाडे से देना है.
पत्ता - देवरणकर नगर, बडनेरा रोड, अमरावती.
मो. - 9890556054

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.
SRM e-Tender Notice No. T-10& T-11 (2nd call)
MSETCL invites online bids for following e-tender. The Tender details are available at https://srmetender.mahatransco.in

SRM Tender No.	Particulars of tender	Estimated cost & EMD Amount	Download of Tender Document	Due date	Technical & Commercial bid opening
CE/EHV PC O&M ZONE /Amt/Tech/ E-tender/T-10/2018-19 RFX No. 7000009144	Supply of C.B. Timer Kits as per enclosed specifications for various offices under EHV PC O&M Zone, Amravati.	Rs.22,00,000/- (Excl of Taxes & Duties) & EMD Amount Rs. 22,000/-	From 14.06.2018 to 13.07.2018 (23:59hrs)	13.07.2018 upto 23.59 Hrs	16.07.2018, 11:00 hrs. & 16.07.2018, 15:00 hrs. resp. (If possible).
CE/EHV PC O&M ZONE /Amt/Tech/ E-tender/T-11/2018-19 RFX No. 7000009148	Supply of CRM Kits as per enclosed specifications for various offices under EHV PC O&M Zone, Amravati.	Rs.12,87,000/- (Excl of Taxes & Duties) & EMD Amount Rs. 12,870 /-			

Contact No :- The O/o, The Chief Engineer, EHVPCO&M, Zone Amravati- 0721-2552870.
The payment of Tender fee & EMD should be done by online only.
CHIEF ENGINEER, EHV PCO&M ZONE, AMRAVATI.

प्रतिदिन अखबार CLASSIFIEDS

नोकरी विषयक

चाहिए
चाहिए - लेडीज दुकान में काम करने के लिए लड़का/लडकी सेल के लिए चाहिए. संपर्क - वैष्णवी लेडीज फॅशन, बापट चौक, अमरावती. मो. 8857840791.

पाहिजे - फोटोशॉप (फोटो एडिटिंग) करण्याकरीता अनुभवी पाहिजे. संपर्क - जय फोटो स्टूडियो, अंबादेवी रोड, अमरावती

Wanted - 1) Computer Operator for Excel work अनुभवी - 1 जागा. 2) Clerk - Full Time - Male/Female - 2 जागा. भेटा - दु. 2 ते 6 संपर्क - केडिया ट्रेडर्स, वालकट कम्पाउंड, अमरावती.

चाहिए - ट्युशन क्लासेस के लिए रिसेप्शनिस्ट लडका/लडकी चाहिए. पत्ता - राजापेठ, गाडगेनगर. संपर्क - 9890699969, 8805838485

आरोग्य विषयक

आरोग्य विषयक
आरोग्य विषयक-घुटनों का दर्द-घुटनों की झीज होना, घुटनों का ऑपरेशन टालने के लिए स्थुलता कम करने के लिए यशस्वी उपचार, स्थल-कावरे आयुर्वेद, पंचकर्म हॉस्पीटल गव्ह. पॉली गेट के सामने, गाडगेनगर, अमरावती, मो. 9823051031

हापूस आम
ओरिजनल हापूस आंबे, देवगढ़-रत्नागिरी 5 डझन 1300/- होलसेल भाव, केसर, दशेरी, लंगडा आम उपलब्ध, संपर्क-हरेशकुमार नरेशकुमार, 11, जुना कॉटन मार्केट, अमरावती, मो. 9420707040, 9767419064

झेरॉक्स मशिन
Xerox Machine- शार्प कंपनीची झेरॉक्स मशीन सुलभ किस्तीमध्ये उपलब्ध, Authoweb draler Sharp Xerox Machine संपर्क-सचिन झंवर, मो. 9422916309 काजी कंपाऊंड, HP Gas Godawn जवळ, बस स्टँड रोड, अमरावती.

बेचना है
रेडी फ्लॅट्स-सर्व सुविधायुक्त (AC, Modular Kitchen, All room pop, 2 lifts 32"x48" tiles) 90% पुर्णत्वास असलेले 2 BHK फ्लॅट्स करिता संपर्क-7972708082, 9423126182, राधाकृष्ण रेसीडेन्सी, पुष्पक कॉलनी, गणेश कॉलनी पुढे, अम. (No GST)

फ्लॅट बेचना है - 3BHK - Well furnished First Floor पार्किंग की सुविधा के साथ. पत्ता - श्री साई अपार्टमेंट. गोदावरी कॉलनी, एमआयडीसी रोड, अमरावती. संपर्क - 9623811865, 9890370532

मौकेशिर प्लॉट्स विकणे आहे- 1) साई बाबा नगर - 3600 फुट. 2) मेहेर कॉलनी (ईच्छा हॉटेल जवळ) - 3000 फुट. 3) SSD बंगल्या जवळ (अर्जन नगर परिसर) - 1601 फुट. 4) पटेल नगर - 1700 फुट. 5) गानु लेआऊट (हॉटेल लॉर्डस जवळ) - 1830 फुट. संपर्क-रामकिशोर करवा, करवा इस्टेट कन्सलटंसी, मोनालिसा कॉम्प्लेक्स, राजापेठ पोलीस स्टेशन समोर, अमरावती, 2571618, 9823026429

जागा विषयक

भाडे से देना है
भाड्याने देणे आहे-बडनेरा रोड ॲपोझीट दसरा मैदान डॉमिनोझ पिझ्झा जवळ एटीएम मशीन करिता दुकान भाड्याने देणे आहे, संपर्क-7798059119, 9421790872

राष्ट्रीयकृत बँकेची मिनी बँकिंग/ CSP नियुक्ती
राष्ट्रीयकृत बँकेची मिनी बँकिंग/ नियुक्ती- ग्राहकांना बँकिंग सेवा देण्यासाठी राष्ट्रीयकृत बँकेचे, ग्राहक सेवा केंद्रधारक बना, सुविधा खाते उघडा, त्वरीत पैसे पाठवा, पैसे काढा, जमा करा, आवर्ती मुदत ठेव, आंतर खात्यामध्ये पैसे, सरकारी अनुदान पाठवा. रिटेलर व डिस्ट्रीब्युटर नेमणे आहे.
Contact -
Reijiro Networks Pvt. Ltd.
7391059214, 7887435869.

प्रतिदिन अखबार क्लासिफाईड
8379911166